सागर प्रवेश संवाद
चुप न रहें संवाद करें
www.bundelihalchal.com
सागर, बुधवार, 28 जनवरी 2026
डिजीटल मीडिया पार्टनर
बुन्देली halchal.com
#Digital Edition



सरकारी स्कूल की जर्जर छत गिरी, दूसरी कक्षा के छात्र के सिर में आई गंभीर चोट

# सरकारी दावों की छत ढही छात्र लहूलुहान

## सागर के गढ़ौली खुर्द प्राथमिक शाला की घटना, भाग्योदय अस्पताल में चल रहा इलाज

**मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर किए जा रहे दावों की पोल खोलने वाली एक गंभीर घटना सागर जिले से सामने आई है। खुरई रोड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला गढ़ौली खुर्द में मंगलवार को स्कूल भवन की जर्जर छत का प्लास्टर गिरने से दूसरी कक्षा में पढ़ने वाले एक 8 वर्षीय मासूम छात्र के सिर में गंभीर चोट लग गई। घायल बच्चे को तत्काल सागर के भाग्योदय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और डॉक्टरों द्वारा जटिल ऑपरेशन किया जा रहा है।**





प्रवेश संवाद सागर
9926459376

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे की है। स्कूल की छत से अचानक प्लास्टर के टुकड़े गिरने लगे, जिससे कक्षा में अफरा-तफरी मच गई। स्कूल प्रबंधन ने सभी बच्चों को बाहर निकाल दिया, लेकिन इसी दौरान घायल छात्र का कुछ सामान कक्षा में रह गया। जब वह दोबारा सामान लेने अंदर गया, तभी छत की सीलिंग से एक बड़ा प्लास्टर का टुकड़ा सीधे उसके सिर पर गिर गया।

बच्चे के पिता रामकेश बंसल, जो पेशे से माली हैं, ने बताया कि उन्हें स्कूल से फोन कर सूचना दी गई कि बच्चे को सिर में चोट लगी है। काम छोड़कर जब वे स्कूल पहुंचे, तो देखा कि उनका बेटा बुरी तरह जख्मी था और सिर से खून बह रहा था। इसके बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया।



यह घटना केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि सरकारी स्कूलों की भवन सुरक्षा और रखरखाव पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। इससे पहले भी प्रदेश के विभिन्न जिलों में जर्जर स्कूल भवनों से जुड़ी घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं होने से ऐसे हादसे दोहराए जा रहे हैं।

गरीब और कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवार अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में इस उम्मीद के साथ पढ़ने भेजते हैं कि वहां उन्हें सुरक्षित माहौल मिलेगा। लेकिन सागर शहर से सटे क्षेत्र में स्थित इस स्कूल की जर्जर हालत ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं।

अब देखना यह होगा कि शिक्षा विभाग इस घटना को गंभीरता से लेकर जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई करता है और क्या भविष्य में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाते हैं या फिर यह मामला भी कागजी जांच तक सीमित रह जाएगा।

### सवालों के घेरे में सरकारी स्कूलों की सुरक्षा

सरकारी स्कूलों को लेकर सरकारी विज्ञापनों में बेहतर भवन, सुरक्षित कक्षाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन सागर के गढ़ौली खुर्द प्राथमिक शाला की यह घटना उन दावों की सच्चाई उजागर करती है। सवाल यह नहीं है कि छत का प्लास्टर क्यों गिरा, सवाल यह है कि जर्जर भवन में मासूम बच्चों को पढ़ने के लिए क्यों बैठाया गया। अब जरूरत सिर्फ जांच की नहीं, बल्कि जवाबदेही तय करने और तत्काल सुधार की है। ताकि शिक्षा का मंदिर बच्चों के लिए खतरे का कारण न बने।

### कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने किया ध्वजारोहण, संविधान और राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश

# गौर विश्वविद्यालय में राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा गणतंत्र दिवस

**प्रवेश संवाद सागर**



डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के गौर प्रांगण में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस धूमधाम से उल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान हुआ और कुलपति ने सभा को संबोधित किया।


उन्होंने राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ एवं बधाई देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे लिए अत्यधिक गौरव और प्रेरणा का प्रतीक है। आज के ही दिन हमारे देश ने एक राष्ट्र के रूप में अपने महान संविधान को अंगीकार कर उन्नत भविष्य की आधारशिला रखी थी। इसी संविधान ने हमें एक आजाद एवं सम्प्रभु राष्ट्र के सम्मानित नागरिक होने का अधिकार और गरिमा दी और भारत एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में विश्व पटल पर प्रतिष्ठित हुआ। मैं उन महान विभूतियों को नमन करता हूँ, जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया और जिन्होंने इस देश को एक लोकतांत्रिक, गणतांत्रिक और समतामूलक राष्ट्र बनाने के लिए संविधान का निर्माण किया।

उन्होंने कहा कि हमारा सौभाग्य इस अर्थ में भी है कि हम एक ऐसे शैक्षणिक संस्थान से जुड़े हैं, जिसके संस्थापक डॉ. सर हरिसिंह गौर स्वयं संविधान सभा के सम्मानित सदस्य थे। हमारा विश्वविद्यालय गौर साहब के शैक्षिक संकल्पों की जीवित अग्निशिखा है। डॉ. गौर ने अपने जीवन में शिक्षा को एक सामाजिक सुधार के साधन के रूप में देखा। उनका यह दृष्टिकोण आज भी हमारे लिए प्रेरणादायक है।

उन्होंने कहा कि पूरे देश में लागू हुई राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 भारत को ज्ञान-आधारित महाशक्ति बनाने का संकल्प है। यह नीति आलोचनात्मक सोच, कौशल विकास, डिजिटल शिक्षा और भारतीय ज्ञान परंपरा को केंद्र में रखती है। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप इस राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी हैं। आपमें अपार ऊर्जा, सृजनशीलता और नेतृत्व क्षमता है। आप शिक्षा को केवल डिग्री नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण का माध्यम बनाएं। उन्होंने विश्वविद्यालय में हो रहे अकादमिक नवाचारों और उपलब्धियों को साझा किया। उन्होंने विश्वविद्यालय में बढ़ते छात्रों की संख्या, अग्निवीरों को प्रदान की जाने वाली डिग्री सर्टिफिकेट, कई नवीन पाठ्यक्रमों के संचालन, सांस्कृतिक जागरूकता के तहत नाटकों का मंचन, विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों, विश्वविद्यालय के शिक्षकों का विश्व के श्रेष्ठ 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में स्थान, हिंदी पखवाड़ा, सतर्कता जागरूकता सप्ताह, राजभाषा यात्रा, विभिन्न विषयों पर व्याख्यान एवं कार्यशालाएँ, विभिन्न स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की उपलब्धि, विभिन्न युवा उत्सवों की प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अनेक संस्थानों से अकादमिक एवं शोध समझौता पत्रक पर हस्ताक्षर, भारत सरकार द्वारा लिए गए संकल्पों के प्रति कटिबद्धता को 'एक पेड़ माँ के नाम', 'मेरा पहला वोट देश के लिए', 'भ्रष्टाचार मुक्त भारत', 'सत्यनिष्ठा शपथ', 'नशा मुक्त भारत', 'स्वच्छ भारत' जैसे लोकप्रिय कार्यक्रमों, साइकिल रैली, यूट्यूब चैनल 'गौर प्लस', आधुनिक संसाधनों से युक्त विश्वस्तरीय नए भवनों, एकीकृत प्रयोगशाला, आधुनिक अवसंरचना के विकास के लिए 434 करोड़ रुपये की परियोजना, जिनमें एक-एक हजार सीट के बालक और बालिका छात्रावास, प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग के नवीन भवन, अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर, कंप्यूटर आधारित परीक्षा केंद्र, आईटी एवं ऑनलाइन सेंटर तथा आधुनिक सुविधायुक्त स्वास्थ्य केंद्र सहित कई नवीन भवनों का निर्माण, पुरातत्व संग्रहालय, वैली कैंपस में भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण, विद्यार्थियों की विभिन्न प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता और प्लेसमेंट जैसी गतिविधियों एवं उपलब्धियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय बड़े स्तर पर शैक्षिक नवाचार, प्रशासनिक दक्षता एवं अकादमिक दृढ़ता के साथ कार्य कर रहा है। आज का दिन भारत के आत्मिक उजास का महापर्व है। यह हमारे स्वतंत्र स्वप्नों के प्रतीक तिरंगे के ध्वजारोहण का दिन है। यह अवसर हमें अपने गौरवशाली अतीत पर गर्व करने, वर्तमान को और अधिक सुदृढ़ करने और उज्ज्वल भविष्य के प्रति संकल्पित होने का संदेश देता है। समारोह में विश्वविद्यालय की शिक्षिका प्रो. चंदा बेन, प्रो. दिवाकर राजपूत, प्रो. डी.के. नेमा, प्रो. अनिल जैन, प्रो. आशीष वर्मा, प्रो. कालीनाथ झा, प्रो. राजेंद्र यादव, प्रो. दिवाकर शुक्ला, प्रो. रणवीर कुमार, डॉ. पंकज तिवारी, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.पी. उपाध्याय सहित सेवानिवृत्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ पत्रकार श्याम सुंदर जैन का आकस्मिक निधन

**प्रवेश संवाद तेंदूखेड़ा**



तेंदूखेड़ा नगर के वरिष्ठ पत्रकार श्याम सुंदर जैन (54 वर्ष) का मंगलवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। जैसे ही उनके निधन की सूचना नगरवासियों तक पहुंची, पूरे नगर सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। ज्ञात हो कि श्याम सुंदर जैन लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय थे। वे अपनी निष्पक्ष, निर्भीक एवं जनहितकारी पत्रकारिता के लिए विशेष पहचान रखते थे। सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाना उनकी लेखनी की पहचान थी। उनके आकस्मिक निधन से पत्रकारिता जगत एवं नगर को अपूरणीय क्षति हुई है। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र एवं एक पुत्री को शोकाकुल अवस्था में छोड़ गए हैं। दिवंगत पत्रकार का अंतिम संस्कार आज सुबह 9 बजे नगर स्थित वार्ड क्रमांक 9 के शांति धाम में किया जाएगा। निधन की सूचना पर नगर के पत्रकारों, सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य नागरिकों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## संविधान ही भारत की आत्मा है और इसकी रक्षा करना हम सभी का सामूहिक दायित्व है: भूपेंद्र सिंह मोहासा

**प्रवेश संवाद सागर**

77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण कार्यालय, पद्माकर नगर मकरोनिया मे जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा ने ध्वज वन्दन कर तिरंगे को नमन किया और संविधान, लोकतंत्र एवं देश की एकता-अखंडता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहराई। ध्वज वंदन उपरांत भूपेंद्र सिंह मोहासा ने कांग्रेस परिवार के जेष्ठ–श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ झण्डावंदन कर मिठाई वितरित की और गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया।



जिले एवं प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मोहासा ने कहा कि संविधान ही भारत की आत्मा है और इसकी रक्षा करना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि आज देश को ऐसे समय में लोकतंत्र, सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारे के मूल्यों को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है।

मोहासा ने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान की गरिमा, लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव संघर्ष करती रही है और आगे भी पूरी मजबूती से यह लड़ाई जारी रखेगी। ध्वज रक्षक के रूप में मनोज पवार ने भूमिका निभाई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मकरोनिया देवेंद्र कुर्मी ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी का जनता के नाम संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक गौर ने तथा आभार प्रशांत समैया ने व्यक्त किया।

जिला अध्यक्ष की अगवानी जिला कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष संजय रोहिदास ने की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी,प्रदेश महासचिव रेखा चौधरी,पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार पचोरी, पूर्व विधायक सुनील जैन, सागर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर,माधवी चौधरी, शहर सेवा दल अध्यक्ष सिंटू कटारे, राकेश राय, जतिन चौकसे, सत्येंद्र दुबे, अवधेश तोमर, शैलेंद्र तोमर,एड धन सिंह अहिरवार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप चौधरी, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष रोहित वर्मा, जितेंद्र चौधरी, पीयूष अवस्थी,सागर साहू, रेखा सोनी, पार्षद सीमा कमल चौधरी संगीता अहिरवार रिचा सिंह रोशनी वसीम खान ताहिर खान, एड कमलेश नायक एड कमलेश ठाकुर सहित सैकड़ो कांग्रेस जन मौजूद थे।

## मृतकों के सम्मान को लेकर आईएमए सागर की बड़ी पहल

**प्रवेश संवाद सागर**



इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) सागर शाखा ने मृतकों के सम्मान और गरिमा की रक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए उपमुख्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने उनसे भेंट कर आईएमए का 2026 कैलेंडर भेंट किया तथा राजस्थान में लागू राजस्थान मृत शरीर सम्मान अधिनियम, 2023 की तर्ज पर मध्य प्रदेश में भी इसी प्रकार का सख्त कानून लागू करने की मांग रखी।

इसके साथ ही आईएमए ने प्रदेशभर में अस्पतालों, क्लीनिकों और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों की स्थापना एवं संचालन प्रक्रिया को सरल, सुगम और लागत प्रभावी बनाने हेतु एक विस्तृत प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य क्षेत्र में Ease of Doing Business को बढ़ावा देना है।

उपमुख्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने दोनों प्रस्तावों का समर्थन करते हुए कहा कि मृतकों का सम्मान किसी भी सभ्य समाज की पहचान है। उन्होंने ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कानून की आवश्यकता पर सहमति जताते हुए विधानसभा में शीघ्र विधेयक प्रस्तुत करने के प्रयास का आश्वासन दिया। साथ ही अस्पतालों, क्लीनिकों और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों की स्थापना तथा संचालन प्रक्रिया को सरल बनाने के प्रस्ताव का भी समर्थन किया और जल्द प्रशासनिक बदलाव के लिए निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया।

ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में आईएमए सागर के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद, सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरी, डॉ. संतोष पटेल सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सक शामिल रहे। आईएमए सागर ने इस सामाजिक मुद्दे पर निरंतर जागरूकता और कानून निर्माण में सक्रिय सहयोग का संकल्प व्यक्त किया।

**प्रस्ताव के प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं:** सभी आवश्यक अनुमतियों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया जाए, जिससे एक ही आवेदन फॉर्म से विभिन्न विभागों की स्वीकृति मिल सके। एनओसी प्रक्रिया को पूर्णतः ऑनलाइन और समयबद्ध बनाया जाए। अस्पतालों और क्लीनिकों की स्थापना, संचालन व नवीनीकरण से जुड़े शुल्क न्यूनतम स्तर पर लाए जाएं। एसओपी और एक्रीडिटेशन मानकों को स्पष्ट, व्यावहारिक और एकरूप किया जाए।

### गणतंत्र दिवस पर कलेक्टर कार्यालय एवं निवास पर फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज

**प्रवेश संवाद सागर**

राष्ट्रीय पर्व 77 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर आज कलेक्टर कार्यालय एवं कलेक्टर निवास पर गरिमामय वातावरण में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर संदीप जीआर ने कलेक्टर कार्यालय एवं कलेक्टर निवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया गया, जिससे संपूर्ण परिसर देशभक्ति की भावना से गूंज उठा।

### विधायक ने जांच दल गठित कर वैधानिक कार्रवाई की उठाई मांग

# निजी आवास में अनाधिकृत धार्मिक गतिविधियों पर विधायक प्रदीप लारिया का सख्त रुख

**प्रवेश संवाद सागर**

नरयावली विधायक इंजी. प्रदीप लारिया ने नगर पालिका परिषद मकरोनिया के अंतर्गत दीनदयाल नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक निजी आवास में संचालित हो रही अनाधिकृत धार्मिक गतिविधियों और उससे उत्पन्न जन-परेशानी पर कड़ा रुख अपनाया है। स्थानीय नागरिकों की शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए विधायक ने कलेक्टर सागर और मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) मकरोनिया को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप और वैधानिक कार्यवाही की मांग की है।



**निजी आवास में अनाधिकृत गतिविधियों की शिकायतः** विधायक लारिया को नागरिकों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कॉलोनी स्थित एक निजी मकान (रोशन खान के आवास) में कथित रूप से सार्वजनिक धार्मिक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। रहवासियों का आरोप है कि इस कारण आवासीय क्षेत्र में बाहरी व्यक्तियों का अत्यधिक जमावड़ा होने लगा है, जिससे शांति और सुरक्षा का वातावरण प्रभावित हो रहा है।

**नियमों का उल्लंघनः** रिहायशी क्षेत्र (रेजिडेंशियल एरिया) का उपयोग बिना अनुमति के सार्वजनिक या धार्मिक कार्यों के लिए करना नियमों के विरुद्ध है।

**जांच और वैधानिक कार्यवाही की मांगः** विधायक इंजीनियर प्रदीप लारिया ने जनहित को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन से अपेक्षा की है कि इस मामले की जांच के लिए तत्काल एक दल गठित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वास्तविकता का पता लगाकर उचित वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे और नागरिकों को हो रही परेशानियों से स्थायी मुक्ति मिल सके।

**सुरक्षा की चिंताः** आवासीय क्षेत्र में अचानक बढ़ी बाहरी लोगों की उपस्थिति से महिलाओं और बच्चों में असुरक्षा का भाव है।

**हो रहीं व्यावहारिक कठिनाइयाँः** विधायक द्वारा प्रेषित पत्र में मुख्य रूप से तीन बिंदुओं पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया है।

**यातायात में अवरोधः** अनियंत्रित भीड़ और सड़क पर खड़े होने वाले वाहनों के कारण स्थानीय रहवासियों का पैदल चलना और आवाजाही कठिन हो गई है।

## किसान कल्याण वर्ष 26 के तहत मालथौन की ग्राम पंचायतों में पहुंचा कृषि रथ



**प्रवेश संवाद सागर**

किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत विकासखंड मालथोन की ग्राम पंचायत ललोई, ग्राम पंचायत पथरिया चिंताई एवं ग्राम पंचायत उजनेट में कृषि रथ पहुँचा। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मालथोन के अधिकारी ए.के. गुप्ता, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, द्वारा किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। उर्वरक वितरण हेतु ई-विकास प्रणाली, एमपी किसान पोर्टल एवं एमपी कृषि की वेबसाइट के माध्यम से किसान भाइयों को उर्वरक क्रय हेतु पहले से ही टोकन बनाकर स्वयं ई-टोकन द्वारा उर्वरक क्रय करने की जानकारी तथा नरवाई प्रबंधन की जानकारी किसानों को दी गई। प्रवीण कुमार औसारी, कृषि विस्तार अधिकारी, रोडा द्वारा धरती माता बचाओ अभियान के अंतर्गत संतुलित उर्वरक का उपयोग करने, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करने तथा ग्राम स्तरीय निगरानी समिति द्वारा नकली एवं मिलावटी उर्वरकों के वितरण पर निगरानी रखने के संबंध में जानकारी दी गई। गजेंद्र बछाने, कृषि विस्तार अधिकारी, द्वारा किसानों को मिट्टी परीक्षण एवं मृदा नमूना लेने की विधि की जानकारी दी गई। नीलेंद्र तोमर, कृषि विस्तार अधिकारी, द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती एवं कृषि की नवीन तकनीकों की जानकारी दी गई। पशु चिकित्सा विभाग के सतपाल सिंह भंवर, एवीएफओ, ने किसानों को पशुपालन से संबंधित पशु रोग, कीट, टीकाकरण एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कृषि रथ के साथ कृषि विभाग, पशुपालन विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि बादल सिंह ठाकुर, सरपंच ललोई, लालसिंह प्रजापति, सरपंच उजनेट तथा ग्राम पंचायतों के कृषक उपस्थित रहे।

## उस्ताद भगवानदास रैकवार को 'पद्मश्री', विधायक लारिया ने दी बधाई



**प्रवेश संवाद सागर**

बुंदेलखंड की पारंपरिक मार्शल आर्ट और अखाड़ा संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाले सागर-छत्रसाल अखाड़े के उस्ताद भगवानदास रैकवार को भारत सरकार द्वारा 'पद्मश्री' से सम्मानित किए जाने पर पूरे क्षेत्र में हर्ष की लहर है। 83 वर्ष की आयु में भी खेल के प्रति समर्पित उस्ताद जी ने अपनी निस्वार्थ सेवा से इस प्राचीन परंपरा को जीवित रखा है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर नरयावली विधायक इंजीनियर प्रदीप लारिया ने उस्ताद जी के निवास पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया और हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त कीं। विधायक लारिया ने कहा कि यह सम्मान बुंदेलखंड की मिट्टी और हमारी समृद्ध शौर्य परंपरा का सम्मान है। उस्ताद जी का जीवन नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का पुंज है।

## गणतंत्र दिवस पर कमिश्नर ने किया झंडा वंदन

**प्रवेश संवाद सागर**

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर आज कमिश्नर कार्यालय में गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने झंडा वंदन किया। झंडा वंदन के पश्चात कार्यालय परिसर में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया गया, जिससे वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया। इस अवसर पवर कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। समारोह में संयुक्त आयुक्त विकास राकेश शुक्ला, संयुक्त आयुक्त विनय द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

## भारत माता पूजन व ध्वजारोहण के साथ हुआ समारोह, विद्यार्थियों ने दी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



**प्रवेश संवाद तेन्दूखेड़ा**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर के इंडियन पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं शिक्षण समिति के सचिव राकेश जायसवाल, कमलेश जायसवाल और देवेंद्र राय के द्वारा भारत माता का पूजन एवं ध्वजारोहण के साथ की गई। कार्यक्रम के मुख्य निर्णायक डॉक्टर राकेश नामदेव के समक्ष विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, भाषण दिए गए एवं देशभक्ति गीत गाए गए। कार्यक्रम के मंच का संचालन विद्यालय की शिक्षिका मनोकामना उपाध्याय द्वारा किया गया। स्कूल के प्राचार्य जितेंद्र बिल्थरे जी ने विद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन कर भारत का नाम रोशन करें और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय के सह-प्राचार्य यशवंत सिंह द्वारा बच्चों को गणतंत्र दिवस की महत्ता बताते हुए देश के संविधान के निर्माण की जानकारी दी गई और बच्चों के अधिकार, जैसे शिक्षा का अधिकार, जीवन का अधिकार, सहभागिता का अधिकार और विकास का अधिकार, के बारे में बताया गया। विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का सम्मान सत्यम सिंह को प्रमाण पत्र देकर शुभकामनाओं के साथ किया गया। इसके पश्चात उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए एवं समस्त प्रतिभागी विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

# गणतंत्र दिवस पर वर्णी कॉलोनी जैन धर्मशाला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**प्रवेश संवाद सागर.**

चिरस्मरणीय राष्ट्रीय पुनीत पर्व गणतंत्र दिवस पर महिला महासमिति एवं भारतीय जैन संघटना के संयुक्त तत्वावधान में देशभक्ति से परिपूर्ण, गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन वर्णी कॉलोनी स्थित जैन धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र पर संध्या सिंघई, उषा, कल्पना और मीना चौधरी ने माल्यार्पण कर नमन किया। तत्पश्चात मंगलाचरण ज्योति मीना खमकुंआ ने किया। महासमिति अध्यक्ष रेखा जैन 'अहिंसा' ने बताया कि 26 जनवरी सन् 1950 को हमारे देश का संविधान लागू हुआ था। संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर जी हैं। 77वें गणतंत्र दिवस पर सभी को शुभकामनाएँ देते हुए महिला शक्ति ने अपने-अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र ही सर्वोपरि है। इस दिन देश की रक्षा में अपनी कुर्बानी देने वाले सभी महान शहीदों को नमन करते हैं। हमारे लिए भी यदि देश की रक्षा में अपने प्राणों का बलिदान करना पड़े तो हम पीछे नहीं हटेंगे, क्योंकि देश सुरक्षित है तो हम सभी सुरक्षित हैं और हमारा धर्म एवं संस्कृति भी सुरक्षित रहेंगे।



उन्होंने कहा कि आज महिलाओं को अपने कर्तव्य और अधिकारों को समझना चाहिए। महिला शक्ति आज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है, कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं है। कार्यक्रम में गुजराती बाजार, वर्णी कॉलोनी, वर्धमान कॉलोनी, विजय टॉकीज, बालक कॉम्प्लेक्स और गोपालगंज शास्त्री वार्ड की महिला पदाधिकारी शामिल हुई और सभी ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इस आयोजन में मुख्य रूप से आत्मज्योति, नीलमणि, सीमा महावीर, अलका, रचना बिलहरा, मंजू, कांची, साधना, वंदना, इंदु, शोभना आदि मौजूद थी।

मुद्रक एवं प्रकाशक- सुरेंद्र सिंह राजपूत (पृथ्वी) द्वारा जयश्री नारायण प्रिंटिंग प्रेस विट्ठल भवन गुजराती बाजार सागर (म.प्र.) से मुद्रित, बैंक कॉलोनी, तिली रोड सागर से प्रकाशित। मो. नं. 9926459376
प्रबंध संपादक : अभिषेक पुरोहित, स्थानीय संपादक : शुभम श्रीवास्तवः आर.एन.आई. नंबरः MPHIN/2013/48637, समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। न्यायिक क्षेत्र सागर (म.प्र.) रहेगा।

### समाधान अभियान : 106 प्रकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आमजन से आवेदन प्राप्त किए

# कलेक्टर की जनसुनवाई बनी जिलेवासियों के लिए वरदान

**प्रवेश संवाद सागर.**



कलेक्टर संदीप जीआर द्वारा आयोजित जनसुनवाई अब जिले के आम नागरिकों के लिए वरदान साबित हो रही है। आज शाहगढ़ में आयोजित जनसुनवाई में सौकड़ों आवेदनकर्ताओं, शिकायतकर्ताओं और योजनाओं के पात्र हितग्राहियों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया, जिससे लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास और बढ़ा है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल, जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, एसडीएम नवीन सिंह ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी, बड़ी संख्या में जनसमुदाय उपस्थित था।

जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीणों, किसानों, महिलाओं और युवाओं ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं रखीं, जिनमें भूमि विवाद, राशन कार्ड, पेंशन, आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, विद्युत कनेक्शन, सड़क निर्माण, जलापूर्ति और अन्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रमुख थे। कलेक्टर संदीप जी. आर. ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए। अधिकांश मामलों में तत्काल फैसला लिया गया, जबकि कुछ अन्य मामलों में समय-सीमा निर्धारित कर अग्रिम कार्यवाही के आदेश दिए गए। इस जनसुनवाई के दौरान संकल्प से समाधान अभियान के तहत भी कई आवेदनों का निराकरण किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, विधवा पेंशन, किसान सम्मान निधि आदि शामिल थे।

**संकल्प से समाधान अभियान के तहत लिए आवेदन, दिए त्वरित निराकरण के निर्देश** : सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने के लिये प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश अनुसार संकल्प से समाधान अभियान प्रारम्भ किया गया है। इसी परिपेक्ष्य में कलेक्टर संदीप जीआर ने आज शाहगढ़ में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में आमजन से संकल्प से समाधान अभियान के तहत 106 प्रकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आमजन से आवेदन प्राप्त किए एवं मौके पर ही आवेदनों के निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

ज्ञातव्य हो कि शासन की विभिन्न जन योजनाओं/सेवाओं में हितग्राहियों को लाभ प्रदाय करने हेतु प्रदेश में संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। सुशासन व स्वराज हेतु प्रतिबद्ध विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य अंतर्गत शासन के समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ ग्राम पंचायतों/नगरीय निकायों/तहसील एवं जिला स्तर पर उसके पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं के लक्ष्य अनुरूप लाभ एवं शासन द्वारा प्रदाय की जा रही सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिए प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु विशेष अभियान चलाया चलाकर आवेदन प्राप्त कर एवं अग्रिम कार्यवाही त्वरित रूप से की जा रही है। अभियान के अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विवाह सहायता योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (कमर्शियल बैंकों के माध्यम से), चालू खसरा खतौनी की प्रतिलिपियों का प्रदाय, चालू नक्शा की प्रतिलिपियों का प्रदाय, नक्शा शुद्धिकरण पखवाड़े के तहत कार्यवाही, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अविवादित नामांतरण करना, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, अविवादित बंटवारा करना सीमांकन प्रकरणों का निराकरण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना मछुआ क्रेडिट कार्ड योजना समेत 106 प्रकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जा रहा है।

# नगर निगम में महापौर ने निगमाध्यक्ष, निगमायुक्त, पार्षदों एवं अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में किया ध्वजारोहण

**प्रवेश संवाद सागर.**



राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के3 पावन अवसर पर नगर निगम कार्यालय में गरिमामय वातावरण में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं निगमायुक्तराजकुमार खत्री ने पार्षदों, अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ और भारत एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक गणराज्य बना। यह दिन हमें हमारे संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। महापौर ने कहा कि देश के अमर शहीदों और संविधान निर्माताओं के त्याग और बलिदान के कारण ही आज हम स्वतंत्र वातावरण में अपने अधिकारों का उपयोग कर पा रहे हैं। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनना चाहिए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे स्वच्छता, पारदर्शिता, जनसेवा और विकास को अपनी प्राथमिकता बनाएं तथा नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पूरी निष्ठा से कार्य करें। महापौर ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री एवं राज्य सरकार के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। कार्यक्रम में निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने भी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संविधान के प्रति निष्ठा और कर्तव्यों के पालन का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति नारों के साथ हुआ। मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए- गणतंत्र दिवस समारोह के बाद शहर के मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कबाड़ से जुगाड़ अंतर्गत बनाई गई आकर्षक संरचनाएं को पीटीसी ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में शामिल होने रवाना किया-निगमायुक्त राजकुमार खत्री द्वारा नवाचार कर कबाड़ से जुगाड अंतर्गत बनाई गई आकर्षक संरचनाएं तोप, रेडियो एवं भारत माता की झांकी को पीटीसी ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में शामिल होने के लिए महापौर, निगम अध्यक्ष एवं निगमायुक्त ने रवाना किया। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य रुपेश यादव, धमेंद्र खटीक, संगीता शैलेष जैन, पार्षद याकृति जड़िया, रुबी कृष्ण कुमार पटेल, वैदेही पुरोहित, रानी अहिरवार,कनई पटेल सहित सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## शासकीय हाई स्कूल धबोली में करियर मेला एवं काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन

**प्रवेश संवाद सागर.**

शासकीय हाई स्कूल धबोली में करियर मेला एवं काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आईटीआई बण्डा के प्राचार्य एवं उनके स्टाफ द्वारा कक्षा नवमी एवं दसवीं के विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। आईटीआई बण्डा के प्राचार्य राजीव यादव ने विद्यार्थियों को आईटीआई में उपलब्ध विभिन्न ट्रेड्स की जानकारी दी तथा इन ट्रेड्स के माध्यम से शासकीय एवं निजी क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। उनके साथ आए ट्रेनिंग ऑफिसर एम.के. प्रजापति, रामचरण अहिरवार एवं अनंत साहू ने अपनी-अपनी ट्रेड्स पर विस्तृत व्याख्यान दिए। कार्यक्रम में कक्षा नवमी के 50 एवं कक्षा दसवीं के 25 विद्यार्थियों सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी रश्मि दिवाकर द्वारा पूरे कार्यक्रम की रिपोर्टिंग की गई। अंत में विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार जैन ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रवीन्द्र भवन में बुंदेली लोकगायन और देशभक्ति नृत्य की दी प्रस्तुतियां

- लोकतंत्र का लोक उत्सव भारत पर्व मनाया गया

**प्रवेश संवाद सागर.**

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 के अवसर पर लोकतंत्र का लोक उत्सव भारत पर्व कार्यक्रम रवीन्द्र भवन, सागर में सायं 6 बजे आयोजित किया गया। यह आयोजन स्वराज संस्थान संचालनालय, भोपाल के अंतर्गत जिला प्रशासन सागर के सहयोग से किया गया। भारत पर्व कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया तत्पश्चात लोकगायन, लोकनृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं स्वयं सेवीसंस्थाओं को सम्मानित किया गया।

लोकतंत्र का लोक उत्सव भारत पर्व कार्यक्रम में बुंदेली लोकगायन और देशभक्ति नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। भारत पर्व के अंतर्गत बुंदेली लोकगायन के लिए नीलम तिवारी, छतरपुर 09 सदस्य तथा देशभक्ति नृत्य के लिए सुश्री अभिलाषा तिवारी, भोपाल 11 सदस्य के दल द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी।

भारत पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत विवेक के वी, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, जॉइंट कलेक्टर राजनंदनी शर्मा, एसडीएम अमन मिश्रा, डीईओ अरविन्द जैन, डी एस यादव, गिरीश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में जन समुदाय मौजूद था। कार्यक्रम संचालन डॉ अरविन्द जैन ने किया।



## बण्डा, हनोता, जेरा एवं जूड़ी सिंचाई परियोजनाओं की भूमि अधिग्रहण की समीक्षा बैठक आज

**प्रवेश संवाद सागर.**

बण्डा वृहद सिंचाई परियोजना, हनोता वृहद सिंचाई परियोजना, जेरा मध्यम सिंचाई परियोजना एवं जूड़ी मध्यम सिंचाई परियोजना हेतु भूमि अधिग्रहण एवं कार्य प्रगति की समीक्षा को लेकर राजस्व विभाग एवं जल संसाधन विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक का आयोजन दिनांक 28.01.2026 को किया जाएगा। यह बैठक रेल्वे विभाग की बैठक के उपरांत दोपहर 12.00 बजे आयोजित होगी। बैठक में जल संसाधन विभाग सागर संभाग के मुख्य अभियंता/परियोजना संचालक एवं अधीक्षण यंत्री/अतिरिक्त परियोजना संचालक स्वयं उपस्थित रहेंगे। वहीं अन्य संबंधित अधिकारीगण जूम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल होंगे। बैठक हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग लिंक पृथक से जारी की जाएगी।

# उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने 59 अधिकारी-कर्मचारियों और 6 मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

प्रवेश संवाद सागर.





गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर सागर जिले में भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस, विभिन्न विभागों तथा अन्य शासकीय संस्थानों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 59 अधिकारी-कर्मचारियों एवं 6 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह देशभक्ति, अनुशासन और जनसेवा के भाव से ओतप्रोत रहा।

उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने में शासकीय सेवकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी न केवल प्रशासन की छवि को मजबूत करते हैं, बल्कि आम नागरिकों में विश्वास भी बढ़ाते हैं। उन्होंने सभी सम्मानित कार्मिकों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी निष्ठा और समर्पण से कार्य करने की प्रेरणा दी। राजस्व विभाग के अंतर्गत अपर कलेक्टर अवनाश रावत, अनुविभागीय अधिकारी सागर अमन मिश्रा, जैसीनगर एसडीओ रोहित वर्मा, शाहगढ़ एसडीओ नवीन ठाकुर एवं तहसीलदार सागर शहर संदीप तिवारी को उनके उल्लेखनीय प्रशासनिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वहीं पुलिस अधीक्षक कार्यालय से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उइके, लोकेश सिन्हा सहित अनेक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपराध नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, विवेचना, सीसीटीवी निगरानी, मुस्कान अभियान तथा मैदानी कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के निरीक्षक, उपनिरीक्षक, प्रधान आरक्षक, आरक्षक एवं महिला आरक्षकों सहित बड़ी संख्या में कार्मिकों को उनके पदीय दायित्वों के कुशल निर्वहन के लिए सम्मानित किया गया। विशेष रूप से अंधे कत्ल के मामलों के सफल निराकरण, अनुशासन, टर्नआउट, यातायात व्यवस्था और तकनीकी दक्षता जैसे कार्यों की सराहना की गई।

केंद्रीय जेल सागर से कार्यालय अधीक्षक बृजेश कुमार दुबे, प्रहरी विनोद दवे एवं सफाई कर्मचारी इरफानुद्दीन काजी को भी जेल प्रशासन, लेखा शाखा, तकनीकी कार्यों, ई-टेंडरिंग प्रक्रिया एवं बंदियों से संबंधित कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त कलेक्टर कार्यालय, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, स्मार्ट सिटी, विद्युत विभाग, पशुपालन, विपणन, कृषि, वन, उद्यान, सामाजिक न्याय, उच्च शिक्षा, शिक्षा, श्रम, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, सांख्यिकी, लोकसेवा प्रबंधन, नगर पालिका तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र दिए गए।

समारोह का एक महत्वपूर्ण आकर्षण कक्षा 12वीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 6 मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान रहा। उपमुख्यमंत्री ने सूर्योदय हायर सेकेंडरी स्कूल महाराजपुर के अंकेश साहू, नवीनंदन जैन स्कूल बीना की यशोदा विश्वकर्मा, गवर्नमेंट मल्टी परपज हाई सेकेंडरी एक्सीलेंस सागर की हुदा रंगरेज, किड्स एकेडमी सागर की आरजू दांगी, गवर्नमेंट हाई सेकेंडरी भानगढ़ के अभय कुर्मी तथा गवर्नमेंट मल्टी परपज हाई सेकेंडरी क्रमांक-1 बीना की सुंबुल खान को प्रशस्ति पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

गणतंत्र दिवस समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं नागरिक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति का वातावरण बना रहा और सम्मानित व्यक्तियों के प्रति तालियों की गूंज सुनाई देती रही।

## सांसद डॉ. वानखेड़े ने संवाद केंद्र परिसर में किया ध्वजारोहण

प्रवेश संवाद सागर.



देश के 77वें गणतंत्रत दिवस के अवसर पर सागर सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े ने सांसद संवाद केंद्र परिसर में ध्वजारोहण किया, इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित समस्त स्टाफ, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को गणतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान के प्रति निष्ठा, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और राष्ट्र सेवा के संकल्प की प्रेरणा देता है, इसलिए हम सभी अपने कर्तव्यों को समझें और एक सशक्त, आत्मनिर्भर व विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें। इस अवसर पर डीपीसी गिरीश मिश्रा, हरिराम सिंह ठाकुर, रामेश्वर नामदेव, पंकज मुखारिया, निकेश गुप्ता, उमेश सिंह केवलारी, कैलाश चौरसिया, एड. रोशन कुर्मी, रामप्रसाद विश्वकर्मा, रवि ठाकुर, रमेश चौधरी, विनोद चौकसे, मनीष नेमा, रूपेश जडिया, राजकुमार बाथरे, आशालता सिलाकारी, रेखा राजपूत, सोनिया सराफ, धनीराम लोधी, नंदू वाल्मीकि, परसोत्तम चौरसिया, मनोज ठाकुर, सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा।

## बुंदेलखंड में हॉरर फिल्म मायरा की हो रही शूटिंग

### धामोनी किला, सागर सर्किट हाउस और मंगलगिरी बनीं डर और रहस्य से भरी फिल्म की प्रमुख लोकेशन

प्रवेश संवाद सागर. बुंदेलखंड अंचल में इन दिनों फिल्म मायरा की शूटिंग चल रही है। यह फिल्म एक हॉरर जॉनर पर आधारित है, जिसकी कहानी रहस्य, डर और रोमांच से भरपूर बताई जा रही है। फिल्म की शूटिंग सागर जिले सहित बुंदेलखंड के कई प्रमुख और ऐतिहासिक स्थानों पर की जा रही है, जिससे क्षेत्र को एक नई पहचान मिलने की उम्मीद है। फिल्म के महत्वपूर्ण दृश्य धामोनी के ऐतिहासिक किले, सागर के सर्किट हाउस, मंगलगिरी सहित शहर और आसपास के विभिन्न लोकेशनों पर फिल्माए जा चुके हैं। धामोनी किले की पुरानी दीवारें, रहस्यमयी गलियारें और प्राकृतिक वातावरण हॉरर फिल्म के लिए बेहद उपयुक्त साबित हो रहे हैं। वहीं सागर शहर के सर्किट हाउस और अन्य स्थलों को भी कहानी के अनुसार प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। फिल्म के प्रोड्यूसर सुनील जैन ने बताया कि "मायरा" एक बड़े पर्दे की हॉरर मूवी है, जिसमें डर के साथ-साथ मजबूत कहानी और बेहतरीन सिनेमेटोग्राफी पर खास ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में सागर शहर और बुंदेलखंड के कई स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ फिल्म इंडस्ट्री के अनुभवी कलाकार भी काम कर रहे हैं। इससे न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को मौका मिला है, बल्कि क्षेत्रीय संस्कृति और लोकेशनों को भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने की संभावना है। सुनील जैन के अनुसार, फिल्म के अधिकांश सीन सागर को ही लोकेशन बनाकर शूट किए गए हैं, ताकि बुंदेलखंड की वास्तविकता और माहौल पर्दे पर जीवंत दिखाई दे। शूटिंग के दौरान स्थानीय लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। निर्माता ने बताया कि फिल्म की शूटिंग तेजी से पूरी की जा रही है और मायरा को जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। हॉरर फिल्मों के शौकीनों के लिए यह फिल्म एक नया और अलग अनुभव लेकर आने वाली है।

## मकरोनिया में अवैध मस्जिद हटाने शिवसेना ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

प्रवेश संवाद सागर. मकरोनिया नगर पालिका के दीनदयाल नगर में हाउसिंग बोर्ड के प्लाट से अवैध मस्जिद हटाने की माँग को लेकर शिवसेना ने संयुक्त कलेक्टर आरती यादव को ज्ञापन सौंपा शिवसेना जिला प्रभारी विकास सिंह ने कहा कि मकरोनिया में कुछ समुदाय विशेष लोग अवैध मस्जिद मजार निर्माण करने सक्रिय है जिसका उदाहरण दीनदयाल नगर में हाउसिंग बोर्ड के प्लाट पर अबैध मस्जिद निर्माण में देखने को मिला है जहाँ हाउसिंग बोर्ड के आवासीय प्लाट को वक्फ बोर्ड को दान देकर मस्जिद निर्माण कर लिया गया जबकि नियम अनुसार हाउसिंग बोर्ड के प्लाट पर व्यवसायिक निर्माण भी नहीं कराया जा सकता क्षेत्रीय हिंदू परिवार डर के साये में जी रहे मस्जिद संचालित होने के पश्चात बड़े पैमाने पर बाहरी अनजाने लोगों का आना जाना बढ़ गया है शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने कहा कि नगर पालिका ने भी मौके पर जाकर जाँचमें पाया है कि हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनियों में प्लॉट केवल लीज पर आवंटित किए जाते हैं और उनका स्वामित्व हाउसिंग बोर्ड के पास ही रहता है. ऐसे में प्लॉट को खरीदकर उसे वक्फ के नाम दान करना और उस पर मस्जिद का निर्माण करना नियमों के विरुद्ध है. इसके अलावा, मस्जिद निर्माण के लिए आवश्यक भूमि उपयोग परिवर्तन की अनुमति भी नहीं ली गई शिवसेना जिला प्रमुख दीपक सिंह लोधी ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर एक सप्ताह के अंदर अबैध मस्जिद की लीज निरस्त करते हुए मस्जिद नहीं हटाई जाती है तो शिवसेना संगठन मौके पर पहुंचकर मस्जिद के सामने विरोध प्रदर्शन करेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी ज्ञापन सौंपने वाली में हेमराज आलू आदि जैन अमन ठाकुर मयक रजक राहुल बिठ्ठल शिवशंकर दुबे पंकज दुबे उपस्थित थे

## झील किनारे बड़ी संख्या में नागरिक गंगा आरती में हुए शामिल

प्रवेश संवाद सागर.

गंगा आरती का सांस्कृतिक आध्यात्मिक आयोजन सागर के ऐतिहासिक विशाल जलस्रोत लाखा बंजारा झील की स्वच्छता का प्रेरक बना है। गणतंत्र दिवस पर सोमवार को झील किनारे महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा आरती में शामिल हुए और धर्म लाभ लेने के साथ ही अपनी ऐतिहासिक धरोहरों और शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने का संकल्प लिया।

सागर शहर की ऐतिहासिक पहचान लाखा बंजारा झील को स्वच्छ, सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी सह कार्यकारी निदेशक राजकुमार खत्री के मार्गदर्शन में झील के किनारे चकराघाट पर प्रत्येक सोमवार को नियमित रूप से गंगा आरती का आयोजन किया जा रहा है। निगमायुक्त राजकुमार खत्री द्वारा प्रारम्भ कराई गई गंगा आरती का नवाचार नागरिकों को श्रद्धा के साथ स्वच्छता के प्रति जागरूक बना रहा है। यह आयोजन अब श्रद्धा, आस्था और जन-जागरूकता का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। स्वच्छता के साथ भक्ति प्रेरणा से प्रेरित होकर प्रति सोमवार आयोजित होने वाली इस गंगा आरती में शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ सहभागिता कर रहे हैं और झील सहित सागर की स्वच्छता हेतु प्रेरित होकर स्वच्छ भारत अभियान हेतु जागरूक बन रहे हैं। गंगा आरती में नागरिक बन सकते हैं मुख्य यजमान लाखा बंजारा झील पर आयोजित गंगा आरती में समय-समय पर शहर के सम्माननीय नागरिक मुख्य यजमान बनकर सहभागिता कर रहे हैं। प्रत्येक सोमवार जो भी श्रद्धालु यजमान बनना चाहते हैं, वे आरती से 30 मिनट पूर्व संपर्क कर सकते हैं।



# आचार्यश्री का संपूर्ण जीवन अहिंसा की जीवित प्रयोगशाला था, उनकी आंखों में करुणा और मुख पर दिव्य तेज था: पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह

**प्रवेश संवाद खुरई**



आचार्यश्री की आंखों में करुणा और चेहरे पर आध्यात्मिक ऊर्जा का तेज अनुभव होता था जिससे सभी मोहित हो जाते थे। उनका संपूर्ण जीवन अहिंसा की जीवित प्रयोगशाला था। यह उद्गार पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने संत शिरोमणि श्री 108 को आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज के द्वितीय समाधि दिवस पर नमकमंडी प्रांगण में आयोजित "विनयांजलि" कार्यक्रम में अपने संबोधन में व्यक्त किए।

विनयांजलि कार्यक्रम में पहुंच कर पूर्व गृहमंत्री, पूर्व सांसद,खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने आचार्यश्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने मंच पर विराजमान पूज्य मुनिश्री निष्कंप सागर जी, मुनिश्री निष्काम सागर जी एवं पूज्य मुनि संघ एवं आर्यिका संघ को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने अपने संबोधन में समाधिस्थ आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज से जुड़ी महत्वपूर्ण स्मृतियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से अनेक बार आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिला। उनसे की विषयों पर प्रेरणा और दिशा मिलती थी। उनके पास बैठने से ही एक दिव्य आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव होता था। उन्होंने कहा कि जानकारी मिली है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने पूज्य आचार्यश्री विद्यासागर जी की स्मृति में उनके प्रसिद्ध काव्य ग्रंथ "मूकमाटी" के नाम पर जबलपुर से रायपुर "मूकमाटी"एक्सप्रेस ट्रेन आरंभ की है, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव जी का आभार व्यक्त करता हूं। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम में हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को अपने संबोधन में बताया कि भारतरत्न प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेई ने कहा था कि मैंने भगवान को तो नहीं देखा लेकिन आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज को देख कर लगता है कि ईश्वर का रूप ऐसा ही होता होगा, उनकी सादगी और विद्वता अद्वितीय है। उन्होंने बताया कि स्व अटल जी ने पूज्य आचार्य श्री की रचना मूकमाटी को साहित्य जगत की धरोहर बताया था। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूज्य आचार्यश्री के जीवन को एक भारत-श्रेष्ठ भारत का की परिकल्पना को साकार करने के लिए समर्पित जीवन बताया था। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि जैन धर्म ने भारत की पहचान बनाने में अमूल्य भूमिका निभाई है।

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि पूज्य आचार्यश्री की प्रेरणा से लाखों गायों को संरक्षण मिला और दयोदय महासंघ की स्थापना हुई। उनका कहना था कि जिस गाय का दूध पीकर बड़े हुए उसको बूढ़ी होने पर कटने के लिए कोई कैसे छोड़ सकता है। उन्होंने कहा कि आचार्यश्री का जीवन समस्त विश्व के लिए था। एक बार आचार्य श्री की तपश्चर्या के दौरान एक बिच्छू उनके शरीर पर चढ़ा और उसने काटा भी लेकिन वे साधना में लीन रहे। बाद में उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि बिच्छू का स्वभाव काटना है और साधु का स्वभाव क्षमा करना है। वह अपना स्वभाव नहीं छोड़ता तो साधू को भी अपना स्वभाव नहीं छोड़ना चाहिए।

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि आज पर्यावरण विनाश,युद्ध और अशांति जैसी वैश्विक समस्याओं का समाधान जैन-धर्म के अहिंसा के सिद्धांत में निहित है जिसमें प्रत्येक जीव के प्रति करुणा और अहिंसा का भाव सर्वोच्च है। उन्होंने कहा कि पूज्य आचार्य श्री मानते थे कि बेटियां अगर संस्कार विहीन शिक्षा प्राप्त करेंगी तो दिग्भ्रमित हो कर कुल, परिवार, समाज को संस्कारों से रहित कर देंगी। इसीलिए आचार्यश्री ने प्रतिभास्थली जैसी संस्थाओं की स्थापना कराते हुए बेटियों को कुसंस्कारों से बचाते हुए शिक्षित करने का प्रकल्प समाज को दिया। विनयांजलि कार्यक्रम के आयोजकों की ओर से जैन समाज के गणमान्य प्रतिनिधियों महेश बिलहरा, ऋषभ जैन बांदरी, संतोष जैन घड़ी ने पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में जनसमूह उपस्थित रहा।

# शहीद राजेश यादव जैसे वीर सैनिक देशभक्ति का प्रतीक हैं: प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल

- प्रभारी मंत्री ने शहीद राजेश यादव की प्रतिमा का अनावरण किया

**प्रवेश संवाद सागर**



उप मुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बण्डा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम क्वायला पहुंचकर शहीद सैनिक राजेश यादव की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बंडा विधायक वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि यह बण्डा विधानसभा क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है कि ग्राम क्वायला में जन्मे वीर सपूत राजेश यादव ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। शहीद राजेश यादव का जन्म वर्ष 1994 में हुआ था। वे एक होनहार और कर्तव्यनिष्ठ सैनिक थे, जो हर ऑपरेशन ड्यूटी में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे और देश सेवा के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए।

प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि शहीद राजेश यादव बहुत कम उम्र में देश के लिए बलिदान हो गए। उन्होंने कहा कि हमारे जवान आज भी सीमाओं पर तैनात रहकर देश की सुरक्षा कर रहे हैं और शहीद राजेश यादव जैसे वीर सैनिक देशभक्ति का प्रतीक हैं। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा कि जिन माता-पिता ने अपने कलेजे का टुकड़ा देश को समर्पित किया, उनके दर्द का अंदाजा लगाया जा सकता है। शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखा जाना चाहिए। इस अवसर पर शहीद के पिता काशीराम यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि बेटे के शहीद होने से उनके ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शहीद परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन देते हुए कहा कि आर्थिक सहायता एवं नौकरी के विषय में वे मुख्यमंत्री से चर्चा कर आवश्यक सहयोग दिलाएंगे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शहीद की प्रतिमा स्थल पर प्रकाश व्यवस्था (लाइटिंग) कराई जाएगी, ताकि यह स्मारक हमेशा सम्मान के साथ दिखे। उन्होंने कहा कि शहीद राजेश यादव को केवल सागर जिला ही नहीं, बल्कि पूरा देश याद करेगा। कार्यक्रम में श्याम तिवारी, रुपेश रोशन खरे , महेन्द्रसिंह महूंना , कैप्टन यू.पी.एस. भदौरिया, जनपद अध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह, वैभवराज कुकरेले, मनीष यादव अपर कलेक्टर अविनाश रावत , एसडीएम नवीन ठाकुर , सीएमएचओ डॉ ममता तिमोरे, तहसीलदार ज्ञानचंद राय , मोहित जैन , बीएमओ डां योगेन्द्र खटीक सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे, कार्यक्रम के अंत में शहीद राजेश यादव को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को नमन किया गया।

# विचार समिति ने गणतंत्र दिवस पर 501 स्थानों पर किया झंडावंदन



**प्रवेश संवाद सागर**

विचार समिति ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर विचार मोहल्ला विकास योजना से जुड़े परिवारों में 501 स्थानों पर झंडावंदन किया गया एवं सभी जगह स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने की शपथ दिलाई। समिति घर-घर झंडावंदन की थीम पर पिछले आठ वर्षों से यह आयोजन करती आ रही है। विचार समिति कार्यालय में प्रीति मलैया, कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत एवं समिति सदस्यों ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर रामकृष्ण मिश्रा, दीपक वर्मा, रविन्द्र ठाकुर, अनुराग बृजपुरिया एवं एकनाथ अनुशिक्षण संस्थान के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। स्वदेशी वस्तु भंडार में अखिल भारत दिगंबर जैन महिला परिषद की प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. आशा गोदरे ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मंजु मगन, सुगंधी जैन, नूतन नाहर, आशा सेठ, संध्या रांधेलिया एवं महिला परिषद की सभी शाखाएं सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत ने कहा कि आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर हम सभी यह दृढ़ संकल्प लेते हैं कि स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करेंगे और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करेंगे।

# हनुमान जी वज्र जैसी शक्ति और पुष्प जैसी कोमल भक्ति का अद्भुत संगम हैं : अविराज सिंह

**प्रवेश संवाद खुरई**



युवा नेता अविराज सिंह ने कहा है कि हम सभी जानते हैं कि भगवान श्री हनुमान जी कलयुग के जाग्रत देवता हैं। उनमें वज्र जैसी अपार शक्ति है, तो वहीं पुष्प जैसी कोमल भक्ति भी समाहित है। उन्होंने कहा कि सतयुग में हनुमान जी शिव स्वरूप में, त्रेता युग में भगवान श्रीराम के साथ धर्म की रक्षा हेतु युद्ध करते हुए, द्वापर युग में अर्जुन के रथ पर ध्वजा के रूप में विराजमान रहे तथा कलयुग में वे जाग्रत देवता के रूप में भक्तों की रक्षा कर रहे हैं।

अविराज सिंह ने कहा कि दक्षिणमुखी हनुमान जी के दर्शन करने से मृत्यु का भय दूर होता है और जीवन में आत्मबल की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि धर्म, संस्कृति और संस्कार हमारे जीवन की वह जड़ हैं, जो हमें सही और गलत की पहचान कराते हैं। जब मनुष्य धर्म के मार्ग पर चलता है, कथा श्रवण करता है, यज्ञ करता है और नाम जप करता है, तो जीवन में वह रेखाएं भी उभर आती हैं जो पहले उसके भाग्य में नहीं होतीं और उसका भाग्योदय हो जाता है। उन्होंने आदिगुरु शंकराचार्य के वचनों का उल्लेख करते हुए कहा कि वह व्यक्ति मूर्ख है जो भगवान का नाम जप नहीं करता। कलयुग में केवल नाम जप का ही विशेष महत्व है और जब प्रभु की कृपा होती है तो मनुष्य संसार सागर से पार हो जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री विष्णु हमारे सबसे बड़े रक्षक हैं, जो भक्तों की रक्षा के लिए श्रीकृष्ण के रूप में प्रेमरूपी बांसुरी बने और धर्म की रक्षा के लिए सुदर्शन चक्र धारण किया।

अविराज सिंह ने बांदरी एवं खुरई क्षेत्र में पहुंचकर श्रीराम कथा एवं भगवान श्री हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम की जानकारी श्रद्धालुओं को दी। उन्होंने रुद्राक्ष धाम, सागर में आयोजित होने जा रही सात दिवसीय श्रीराम कथा एवं नवनिर्मित श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया।

उन्होंने बताया कि रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में आगामी 31 जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक सात दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन होना है। वहीं 1 फरवरी 2026 को नवनिर्मित श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर में विधि-विधानपूर्वक भव्य प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न होगा। इस आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह का वातावरण बना हुआ है। उन्होंने अपने जनसंपर्क अभियान की शुरुआत ग्राम रजौआ, बांदरी में विश्व शांति हेतु आयोजित श्री श्री 1008 श्री विष्णु महायज्ञ महोत्सव में सहभागिता कर की। इसके पश्चात अविराज सिंह खुरई स्थित खैरा नाका, रुद्राक्ष धाम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान गंगा महायज्ञ तथा बसंत पंचमी के पावन पर्व पर आत्मशांति एवं लोककल्याणार्थ आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए। जहां उन्होंने कथा वाचन पंडित राघवेन्द्र शास्त्री एवं आचार्य श्री भगवत प्रसाद तिवारी जी (श्रीधाम वृंदावन) के चरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ हीं प्रभु चरणों में शीश नवाकर श्रीराम कथा एवं भगवान श्री हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आमंत्रण पत्र अर्पित किए तथा श्रद्धालुओं से आयोजन में पधारने की प्रार्थना की।

www.bundelihalchal.com
छतरपुर
प्रवेश संवाद
चुप न रहें संवाद करें
#Digital Edition
डिजीटल मीडिया पार्टनर
बुन्देली halchal.com
सागर, बुधवार, 28 जनवरी 2026

## 77वां गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय गरिमा से मनाया गया

# कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

## 92 एवं पुलिस विभाग के 43 अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति प्रत्र से किया गया सम्मानित

**प्रवेश संवाद ❀ छतरपुर.**

जिला मुख्यालय छतरपुर के पुलिस लाईन परेड ग्राउण्ड में सोमवार 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक राष्ट्रीय गरिमा के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने प्रातः 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी ली और राष्ट्रगान हुआ। कलेक्टर श्री जैसवाल ने खुली जीप में पुलिस अधीक्षक अगम जैन के साथ परेड का निरीक्षण किया और लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। तत्पश्चात् कलेक्टर द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया। इसके बाद परेड कमाण्डरों द्वारा हर्ष फायर एवं गरिमापूर्ण मार्च-पास्ट की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि ने परेड में शामिल टुकड़ियों के कमाण्डरों का परिचय प्राप्त करते हुये उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिये सराहना की और नील गगन में हर्ष एवं उल्लास के प्रतीक तिरंगे गुब्बारे छोड़े। इसके बाद जिले के मीसाबंदियों का माल्यार्पण कर शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया और उनका हाल चाल भी पूछा। कलेक्टर द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला प्रशासन के लगभग 92 एवं पुलिस विभाग के 43 अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति प्रत्र से सम्मानित किया गया।

समारोह में विधायक ललिता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, डीआईजी विजय खत्री, जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, सीसीएफ नरेश सिंह यादव, डीएफओ ऋषि मिश्र, एडीएम मिलिंद नागदेवे, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, एएसपी आदित्य पटले, एनसीसी ऑफिसर सहित अन्य अधिकारी और गणमान्य नागरिक, सामाजिक सेवा क्षेत्र के व्यक्ति, जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं एवं आमलोग उपस्थित रहे।



## 11 विभागों ने विकास कार्यों पर केन्द्रीत झांकियां निकाली



राष्ट्रीय समारोह में विकास कार्यों पर केन्द्रीत झांकियों में प्रथम स्थान पर नगरीय प्रशासन नगरपालिका छतरपुर की झांकी जल सुनवाई से जन सुरक्षा, द्वितीय स्थान पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल परीक्षण प्रयोगशाला एवं तृतीय स्थान पर सर्व शिक्षा अभियान शिक्षा विभाग की एजुकेशनल थ्रू डिजिटल प्लेटफॉम की झांकी रही। जिनको पुरस्कृत किया गया। साथ ही पंचायत एवं ग्रामीण विकास ने माटी से सोना मिट्टी को तरास कर सोने जैसा मूल्यवान बनाने की संकल्पना पर आधारित मिट्टी से सोना एवं किसान कल्याण एवं कृषि विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती, प्राकृतिक उत्पाद, ई-टोकन विकास प्रणाली एवं जैविक हाट बाजार का जीवंत प्रदर्शन और वन मण्डल द्वारा विरासत वन, स्वास्थ्य विभाग ने पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा, पशु चिकित्सा एवं डेयरी विभाग ने पशुपालन की नवीनतम तकनीक एवं विभागीय योजनाओं का प्रदर्शन, महिला एवं बाल विकास ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पीआईयू लोक निर्माण द्वारा लोक निर्माण से लोक कल्याण, मत्स्य विभाग द्वारा सवावलंबन स्वरोजगार के बढ़ते कदम मत्स्य पालन के संग पर केन्द्रीत झांकियां भी निकाली गई। इसके अलावा खेल युवा कल्याण के बालक बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत विशेष मलखंब के प्रदर्शन को करतल ध्वनि से सराहा गया।



## 8 परेड दल की टुकड़ियों ने लिया भाग

परेड कमाण्डर परिवीक्षाधीन आईपीएस लेखराज मीणा के नेतृत्व में 8 परेड दल की टुकड़ियों सहित बैण्ड दल ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान पर सशस्त्र बल, द्वितीय पर एनसीसी महिला सीनियर विंग एवं तृतीय स्थान पर जिला होमगार्ड बल रहा। जिनको पुरस्कृत किया गया। परेड में एनसीसी महिला विंग, शौर्य दल, स्काउट गाइड महिला एवं पुरूष की भी टुकड़ी शामिल रही।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 5 स्कूलों ने लिया भाग

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 5 स्कूलों ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान पर शा. पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय छतरपुर, द्वितीय पर अशा. मरियामाता इंग्लिश स्कूल एवं तृतीय स्थान पर शा. महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उ.मा. विद्यालय रहा। जिनको पुरस्कृत किया गया। साथ ही सुमति एकेडमी, जवाहर नवोदय विद्यालय नौगांव द्वारा भी सहभागिता की गई।

## छात्रों के साथ मध्यान्ह भोजन किया

77वें गणतंत्र दिवस समारोह सम्पन्न होने के पश्चात मुख्य अतिथि कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने स्कूली बच्चों के साथ बैठकर शासकीय मा. शाला नारायणपुरा में मध्यान्ह भोजन किया। इस दौरान विधायक ललिता यादव, नपाध्यक्ष ज्योति चौरसिया, एसपी अगम जैन, जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम अखिल राठौर, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने भी मध्यान्ह भोजन किया। तदुपरांत स्कूल परिसर में पौधरोपण किया गया।

# छतरपुर की सड़कों पर आवारा बैल बने यमदूत, बुजुर्ग को हवा में उठाकर फेंका, गंभीर

प्रवेश संवाद छतरपुर.

सागर सम्भाग का छतरपुर जिला सड़कों पर विचरण कर रहे आवारा मवेशियों के कारण लगातार हादसों के कारण सुखियों में है। यहां हर महीने दर्जनभर घटनाएं आवारा मवेशियों के कारण हो रही है फिर भी प्रशासन इस ओर गंभीर नहीं है। बीते माह गढ़ीमल्हरा में आवारा मवेशी के कारण बाइक सवार महिला की मौत हो गई थी । वही शहर में एक बुजुर्ग पर फिर आवारा सांड ने हमला कर घायल कर दिया।





**यह है पूरा मामला :** वार्ड क्रमांक 28 (सिटी कोतवाली के पीछे) में घटित ताजा रोंगटे खड़े कर देने वाली है । यहाँ एक आवारा बैल ने बुजुर्ग गिरजा पाटकर के चाचा पर उस वक्त जानलेवा हमला कर दिया जब वे अपनी राह जा रहे थे। हमला इतना वीभत्स था कि बैल ने बुजुर्ग को सींगों पर उठाकर हवा में उछाला और फिर जमीन पर पटक दिया। इस हमले में उनकी आँख के ऊपर गहरी चोट आई है और कूल्हे की हड्डी चकनाचूर हो गई है। वर्तमान में वे बुंदेलखंड हॉस्पिटल में जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं, जहाँ डॉक्टर उनका जटिल ऑपरेशन कर रहे हैं।

**पूर्व में भी हाइवे सहित दर्जनों घटनाएं :** जिले में पहले भी कई जान आवारा मवेशियों के कारण हुए हादसों में जा चुकी है। शहर की जनता भूली नहीं है कि इसी लापरवाही के कारण एक हफ्ते पहले ही एक सोनी महिला को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। उस वक्त भी खूब शोर मचा था, कार्रवाई के खोखले वादे हुए थे, लेकिन धरातल पर नतीजा 'सिफर' रहा।

### नपा का अभियान सिर्फ दिखावा

छतरपुर नगरपालिका आवारा मवेशियों को शहर से हटाने में नाकाम साबित हुआ है। कई महीने से लगातार कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने इन्हें हटाने का आदेश किया था मगर अब तक हर वार्ड में आवारा मवेशी दर्जनों की तादाद में विचरण कर रहें है। अगर जल्द इन आवारा पशुओं का तत्काल रेस्क्यू कर इन्हें शहर से बाहर नहीं भेजा गया, तो जनता का गुस्सा किसी भी दिन फूट सकता है।

## कार पुलिया से टकराने पर बीआरसी रावत की मृत्यु , बीआरसी व्यास घायल

प्रवेश संवाद छतरपुर.

महोबा रोड पर गढ़ीमलहरा थानांतर्गत निवारी के पास अल्टो कार एमपी 16 सी 6021 पुलिया से टकरा गई जिससे कार चला रहे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेज दिया गया।

जानकारी के मुताबिक लवकुशनगर में बीआरसी के पद पर कार्यरत राजेश रावत 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर लवकुशनगर में ध्वजारोहण कर वापस छतरपुर लौट रहे थे तभी निवारी के पास यह सड़क दुर्घटना हो गई। हादसे में बीआरसी राजेश रावत की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे में उनके साथ कार में सवार गौरिहार बीआरसी अमरनाथ व्यास घायल हो गए उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वे वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र व्यास के छोटे भाई हैं। इस दुखद हादसे के बाद पुलिस ने मर्ग कायम किया और शव का पोस्ट मार्टम कराया।



## न्यायालय में गुटखा थूकने वालों पर ठोका जुर्माना

प्रवेश संवाद छतरपुर. जिला न्यायालय परिसर में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब खुलेआम गुटखा सेवन कर थूकने और सार्वजनिक संपत्ति को गंदा करने का सनसनीखेज मामला सामने आया। न्यायालय की गरिमा और स्वच्छता से खिलवाड़ करने वालों पर जिला रजिस्ट्रार अरविंद सिंह गुर्जर ने बिना कोई नरमी दिखाए ताबड़तोड़ कार्रवाई की। मंगलवार को की गई इस कार्रवाई में दो व्यक्तियों को न्यायालय परिसर को गंदा करने का दोषी पाया गया। जांच के बाद दोनों पर 500-500 रुपये का अर्थदंड ठोक दिया गया, जिससे पूरे परिसर में सख्त संदेश गया कि अब लापरवाही नहीं चलेगी। मस्तराम यादव, पिता गोकुल यादव, उम्र 22 वर्ष, निवासी राजपुरा, थाना सटई और गोविंद सिंह, पिता रघुराज सिंह, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम भेरा, थाना सटई, जिला छतरपुर दोनों आरोपी खुलेआम गुटखा खाकर थूक रहे थे, जिससे न्यायालय की सार्वजनिक संपत्ति गंदी हुई। मौके पर तत्काल कार्रवाई करते हुए दोष सिद्ध किया।

## निर्दोष युवक को झूठा फांसकर रुपए ऐंठने वाला आरक्षक निलंबित

प्रवेश संवाद घुवारा .

घुवारा पुलिस इन दिनों सुखियों में है क्योंकि यहां पुलिस निर्दोष को फंसाने में अपना पूरा दम लगा देती है जबकि जो आरोपी है उन्हें रुपयों की खनक से बचाया जाता है। ऐसा एक मामला सामने आया है जहां बीते दिन हुई गांजा जब्ती में बाहरी पुलिस ने छापेमारी करके 20 किलो गांजा बरामद किया इस मामले में घुवारा थाने के आरक्षक महेंद्र साहू को एसपी अगम जैन ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया क्योंकि आरक्षक निर्दोष व्यक्ति को गांजे के केस में फसाने की धमकी दे रहा था।

बताया जा रहा है कि आरक्षक महेंद्र साहू जिस व्यक्ति दीपक साहू को खुद आगम जैन ने 20 किलो गांजे के केस में फर्जी फंसने से बचाया था और उसे क्लीन चिट दी थी। उस गरीब दीपक साहू को फसाने और पैसे मांगने का ऑडियो वायरल होने के बाद 10 मिनट में आरक्षक को एसपी अगम जैन ने सस्पेंड कर दिया। पत्रकार साथियों ने पहल निर्दोष दीपक साहू के ऑडियो को एसपी तक पहुंचाया था। महेंद्र साहू आरक्षक को निलंबित करके लाइन भेजा गया है और जांच प्रस्तावित की गई है।

### नौगांव तहसील का मामला, बीएनएस 170 के तहत तीन आरोपियों को लेकर आई थी अलीपुरा थाना पुलिस

# जमानत कराने आए तीन आरोपियों में से एक आरोपी जमानत से पहले पुलिस कस्टडी से भागा; नौगांव तहसीलदार बोले तीन में से दो की हुई थी जमानत

प्रवेश संवाद नौगांव.

नौगांव तहसील परिसर में मंगलवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब अलीपुरा थाना पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 170 के तहत जमानत के लिए लाए गए तीन आरोपियों में से एक आरोपी पुलिस कस्टडी से फरार हो गया। घटना तहसीलदार रमेश कौल की अदालत में जमानत प्रक्रिया के दौरान हुई।

जानकारी के अनुसार, अलीपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम टीला में हुए आपसी विवाद के मामले में पुलिस ने करन पाल, शिवपाल यादव और बृजेंद्र यादव को गिरफ्तार कर बीएनएस 170 के तहत कार्रवाई की थी। मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे तीनों आरोपियों को जमानत के लिए नौगांव तहसील न्यायालय में पेश किया गया। तहसील कार्यालय में जमानत की कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों के दस्तावेज पूरे हो




चुके थे, जबकि तीसरा आरोपी लघुशंका के लिए पुलिस कस्टडी से बाहर गया। इसी दौरान किसी ने नौगांव थाना पुलिस को सूचना दे दी कि संबंधित आरोपी किसी अन्य प्रकरण में वांछित है। नौगांव पुलिस जैसे ही तहसील परिसर पहुंची, आरोपी ने पुलिस को देखकर मौके का फायदा उठाया और तहसील परिसर के बाईं ओर स्थित छोटे गेट से दौड़ लगाकर फरार हो गया। सूचना मिलने पर अलीपुरा थाना पुलिस ने मुख्य द्वार से पीछा किया, लेकिन आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर निकल चुका था। खबर लिखे जाने तक आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका था।

### जमानत प्रक्रिया पर उठे सवाल

आरोपी के फरार होने के बाद तहसील परिसर में जमानत प्रक्रिया को लेकर सवाल खड़े हो गए। सूत्रों के अनुसार, तहसीलदार के बाबू द्वारा जमानत की नोटशीट तैयार की जा रही थी। एक नोटशीट पर कार्रवाई पूरी हो चुकी थी, जबकि दूसरी पर कार्रवाई पूरी होने से पहले ही आरोपी फरार हो गया। मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों पर पहले बाबू ने माना कि फरार आरोपी की जमानत पर अभी कार्रवाई पूरी नहीं हुई थी और तहसीलदार के हस्ताक्षर भी नहीं हुए थे, लेकिन बाद में बयान बदलते हुए दोनों दस्तावेजों पर हस्ताक्षर होने की बात कही, जिससे पूरे मामले में भ्रम की स्थिति बन गई।

**नौगांव थाने में भी दर्ज था मामला :** बताया जा रहा है कि फरार आरोपी के खिलाफ नौगांव थाने में पहले से ही मामला दर्ज था। इसी सिलसिले में नौगांव पुलिस जमानत के बाद आरोपी को पकड़ने तहसील परिसर पहुंची थी। पुलिस को देखते ही आरोपी मौके से भाग निकला।

**अधिकारियों के बयान :** तहसीलदार रमेश कौल ने कहा कि उनकी अदालत में दो आरोपियों के इस्तगासा प्रस्तुत हुए थे, जिनकी जमानत की कार्रवाई की गई। तीसरे आरोपी के संबंध में उन्हें जानकारी नहीं है। वहीं एसडीओपी नौगांव अमित मेश्राम ने कहा कि उन्हें तीनों आरोपियों की जमानत की सूचना मिली है। यदि कोई आरोपी फरार हुआ है तो अलीपुरा पुलिस से जानकारी लेकर स्थिति स्पष्ट की जाएगी। फिलहाल नौगांव और अलीपुरा थाना पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

# कारीटोरन पंचकल्याणक : भव्य वेदिका शिलान्यास एवं प्रमुख पात्रों का चयन



**प्रवेश संवाद रामटौरिया.**

शांतिनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र कारीटोरन जिला -ललितपुर (उत्तर प्रदेश) में 25 जनवरी को युग सर्वोत्कृष्ट समाधि साधक गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महामुनि राज के पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के आशीर्वाद से मुनि श्री 108 समत्व सागर जी एवं मुनि श्री 108 शील सागर जी महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में आगामी 7 से 13 मार्च तक आयोजित श्री मज्जिनेन्द सहसकूट 11 फुट उत्तुंग खड्गासन चौबीसी पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महोत्सव की वेदिका शिलान्यास रजनेश कुमार जी अवशेष कुमार जी ने किया। प्रतिष्ठाचार्य पंडित महेश कुमार जी डीमापुर के निर्देशन में विधानाचार्य ऋषभ कुमार जी बड़ागांव धार्मिक विधि विधान के साथ संपन्न कराया। बाल ब्रह्मचारी आशीष भैया पुण्यांश ने मंच संचालन किया। मुनि श्री का पाद प्रक्षालन नाभि मरु देवी परिवार पंडित महेश कुमार जी डीमापुर ने किया।

मुनि श्री समत्व सागरजी ने अपने मार्मिक उद्बोधन में बतलाया कि पंचकल्याणक में प्रमुख पात्र बनने का जो महत्व है वह बचन गम्य में नहीं है अनुभव गम्य है जैसे मीठा का स्वाद कह कर नहीं मीठा खाकर अनुभव किया जा सकता है कहकर नहीं बताया जा सकता है वैसे ही वह है पात्र बनकर अनुभव प्राप्त किया जा सकता है।

## प्रमुख पात्र चयन प्रक्रिया

सौधर्म इन्द्र - सिं मुकेश कुमार-मीना जैन दमोह। कुबेर - सवाई सेठ डॉ विजय कुमार-सुधा जी कारीटोरन। महा यज्ञ नायक- डॉ श्रेयांश जी-सुमन जी ककरवाहा। चक्रवर्ती -डॉ अंकुर जी-पायल जी मुंबई , कारीटोरन । राजा श्रेयांश- पं माधव जी शास्त्री-रश्मि जी शाहगढ़। को बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। स्मरण रहे पं महेश कुमार जी डीमापुर -सुखवती देवी जी को माता-पिता बनने का सौभाग्य पहले ही प्राप्त हो चुका है। इस अवसर पर डॉ विजय कुमार कारीटोरन, डॉ श्रेयांश कुमार ककरवाहा, शिखर चंद जी भेलसी, अनंदी लाल लुहर्रा, पदम सेठ शाहगढ़ सीएमओ, पं माधव शास्त्री, राजाराम समर्रा, एडवोकेट मुन्ना लाल अभिलाषा, अनिल आंचल, अजित कुमार खजुरिया, प्रेमचंद ककरवाहा, इंद्र कुमार ककरवाहा, सेठ विजय शाहगढ़, मनोज अक्षय अलया ललितपुर, राजेश रागी बक्सवाहा, राजेश फणीन्द बड़ागांव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



• **1635 वर्ष प्राचीन है क्षेत्र** : इसे बुंदेलखंड का सबसे प्राचीन जीवंत तीर्थ क्षेत्र कहा जा सकता है।

• **700 प्रतिमाओं की होगी प्राण प्रतिष्ठा** : 11 फिट खड्गासन अदृभुत 26 प्रतिमाएं, उपरत्नों की 31 प्रतिमाएं, संगमरमर की 24 उत्तंग शिखर प्रतिमाएं सहित 700 प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होगी।

• **108 उत्तंग सहसकूट जिनालय** : इतना उत्तंग एवं विस्तृत जिनालय,इतना ऊंचा शिखर संभवतः अन्यत्र नहीं है इस तरह की संरचना बहुत कम स्थानों पर देखने को मिलती है इस निर्माण में शास्त्री एवं तकनीकी बिंदुओं पर भली भांति दृष्टिपात किया गया है तीन-चार किलोमीटर दूर से ही नवनिर्मित शिखर की छटा देखते ही बनती है। जहां प्राचीन जिनालय में विराजमान प्रतिमाएं हृदय में श्रद्धा भर देती है जिससे हृदय में एक अद्भुत ऊर्जा का संचार होता है नवीन जिनालय में खड़ी हुई 11 फिट की खड्गासन प्रतिमाएं बरबस ही चित्र का हरण कर लेती हैं यह प्रतिमाएं आचार्य यति वृषभ स्वामी द्वारा रचित तिलोम पण्णति एवं आचार्य बसु बंधी स्वामी तथा उमा स्वामी द्वारा रचित श्राविकाचार्य मैं वर्णित प्रतिमाओं के स्वरूप के आधार पर बनायी गयी है और ऐसी अद्द्भुत प्रतिमाएं संपूर्ण उत्तर भारत में तो है ही नहीं है दक्षिण भारत में भी ऐसी परिकल सहित प्रतिमाओं का मिलना असंभव जैसा है।

# आन-बान-शान के साथ मनाया गया राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस



**प्रवेश संवाद बड़ामलहरा.**

नगर बड़ामलहरा में 77वां राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पूरे आन-बान-शान, गरिमा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातःकाल से ही नगर में देशभक्ति का वातावरण देखने को मिला। शासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों को तिरंगे, बैनर एवं आकर्षक सजावट से सजाया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर के सभी शासकीय कार्यालयों में विभागीय अधिकारियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। कार्यक्रमों की शुरुआत एसडीएम कार्यालय में एसडीएम आयुष जैन द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके पश्चात तहसील कार्यालय में प्रभारी तहसीलदार बी.एस. मरावी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्र को नमन किया।

मुख्य एवं भव्य सार्वजनिक समारोह का आयोजन प्रियदर्शिनी स्टेडियम में किया गया। यहां जनपद पंचायत अध्यक्ष राघव राजा ने ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर एसडीएम आयुष जैन ने देश की एकता, अखंडता और संविधान के महत्व पर प्रेरक उद्बोधन दिया।

कार्यक्रम में नगर एवं ग्रामीण अंचलों से आए शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा देशप्रेम से ओत-प्रोत नाटिकाएं, समूह गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम, संविधान की गरिमा और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर विभिन्न शासकीय कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए पुरस्कार वितरण भी किया गया। समारोह में पूर्व विधायक कुंवर प्रद्युम्न सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा आनंद सिंह, एसडीएम आयुष जैन, तहसीलदार बी.एस. मरावी, जनपद पंचायत सीईओ ईश्वर सिंह, थाना प्रभारी श्रद्धा शुक्ला, बीईओ प्रजापति, एसडीओ लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी जे.पी. प्रभाकर, सीएमओ नगर परिषद साजिदा कुरैशी, एसडीओ सिंचाई विभाग, सहायक अभियंता बी.पी. सिंह, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान नगर में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और संविधान के प्रति सम्मान का भाव व्याप्त रहा। गणतंत्र दिवस समारोह ने नागरिकों के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक सशक्त किया।

# बड़ामलहरा में 77वें गणतंत्र दिवस पर भव्य तिरंगा यात्रा, युवाओं में दिखा देशभक्ति का जोश

**प्रवेश संवाद बड़ामलहरा.** महाराजा छत्रसाल की पावन धरा पर नगर बड़ामलहरा में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर के युवाओं के सानिध्य में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में नगर के सभी कार्यकर्ता बंधु गणों के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों से पधारे कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति गीतों की धुन पर युवा झूमते-थिरकते नजर आए। हाथों में तिरंगा लिए "भारत माता की जय" के जयकारों से पूरा नगर देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ दिखाई दिया। उत्साह, उमंग और राष्ट्रप्रेम के साथ गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। तिरंगा यात्रा ने नगर में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशप्रेम का संदेश दिया।



## विद्युत सप्लाई की नई लाइन का हुआ शुभारंभ

**रामटोरिया** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड छतरपुर के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र रामटौरिया (हलावनी) में पावर हाउस का कार्य पूर्ण होने के उपरांत सुरक्षा की दृष्टि से लाइन का शुभारंभ किया गया जिससे लो वोल्टेज की समस्या से उपभोक्ताओं को निजात मिलेगी जिसमें अभियंता शरद दुबे जी एवं विद्युत विभाग समस्त स्टाफ की मौजूदगी रही ।

## जनपद सीईओ बड़ामलहरा को अतिरिक्त प्रभार

**बड़ामलहरा** जनपद पंचायत के CEO ईश्वर सिंह वर्मा को बकस्वाहा जनपद पंचायत का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। प्रशासनिक आदेश के तहत अब बड़ामलहरा जनपद सीईओ बकस्वाहा जनपद पंचायतों की जिम्मेदारी संभालेंगे।

## पशु चिकित्सक सहायक की बड़ी लापरवाही : दिनभर जमीन पर पड़ा रहा राष्ट्रीय ध्वज

**प्रवेश संवाद घुवारा.** राष्ट्रीय ध्वज जमीन पर पड़ा मिलने की घटना से क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है। यह मामला बकस्वाहा के ग्राम सुनवाहा का है जहा पशु औषधालय सुनवाहा में राष्ट्रीय ध्वज



जमीन पर पड़ा मिला। जैसे कि छतरपुर के बकस्वाहा तहसील अंतर्गत ग्राम सुनवाहा में एक पशु अस्पताल में ध्वजारोहण के बाद ध्वज जमीन पर दिन भर पड़ा रहा। स्थानीय लोगों ने इसका जमकर विरोध जताते हुए पशु अस्पताल में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारी की घोर लापरवाही बताई है। वही ग्रामीणों ने कहा है यह असिस्टेंड वैटनरी फील्ड ऑफिसर रामरतन आहिरवार मुख्यालय पर नही है जिस कारण यह राष्ट्रीय ध्वज पूरे दिन जमीन में पड़ा रहा। आपको बता दे राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है। ध्वज संहिता 2002 के अनुसार, ध्वज को जमीन पर नहीं गिरने देना चाहिए और न ही इसे पानी में डुबोना चाहिए। ध्वज को किसी भी प्रकार से नुकसान पहुंचाना या अपमान करना दंडनीय अपराध है।